on an year to year basis in tune with the allocations made under the Rural Landless Employment Guarantee Programme.

राज्यों में पंचायत चुनाव

234. **श्री अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री 12 अगस्त, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2181 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अन्य किन-किन राज्यों में अब तक पंचायत चुनावों की घोषणा की जा चुकी है ;

(ख) वे कौन-कौन से राज्य हैं जो इस संबंध में प्रधान मंत्री और केन्द्रीय सरकार द्वारा सुझाव दिए जाने के बाद भी पंचायत चुनाव नहीं करा रहे हैं ; और

(ग) केन्द्रीय सरकार सभी राज्यों में यथासंभव शीघ्र पंचायत चुनाव कराना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) केन्द्रीय सरकार पंचायतीराज संस्थाओं के नियमित अंतरालों पर चुनाव कराने के लिए राज्यों से आग्रह कर रही है। राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के आधार पर पंजाब में ग्राम पंचायतों के चुनाव शीघ्र ही कराये जाने की संभावना है। अन्य राज्यों जैसे अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार और जम्मू और कश्मीर जहां पंचायतों के चुनाव होते रहते हैं, ने अभी चुनावों की घोषणा नहीं की है।

"सेल" (स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) द्वारा कमाया गया मुनाफा

235. **श्री अजीत जोगी** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1987-88 के वर्ष के दौरान स्टील अथारिटी आफ इंडिया ने 63 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया जो इसके द्वारा पिछले वर्ष कमाये गये मुनाफे से अधिक है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार सभी इस्पात संयंत्रों की कार्य प्रणाली से संतुष्ट है ; और

(ग) विकसित देशों की तुलना में भारत में इस्पात के उत्पादन में अधिक लागत के अन्तर्ग्रस्त होने की बात को ध्यान में रखते हुए इन इस्पात संयंत्रों के आधुनिकीकरण के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री माखन लाल फोतेदार) : (क) जी, हां। वर्ष 1987-88 के दौरान स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि० (सेल) को 63.27 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

(ख) और (ग) यद्यपि यह संतोषजनक बात है कि "सेल" का कार्यनिष्पादन उत्कृष्ट है, तथापि और प्रगति की गुंजाइश को ध्यान में रखते हुए सरकार दुर्गापुर, राउरकेला और बोकारो इस्पात संयंत्रों तथा इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी के बर्नपुर कारखाने को आधुनिक बनाने की योजना बना रही है। इसके परिणामस्वरूप प्रौद्योगिकियां उन्नत होंगी, वर्तमान सुविधाओं का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित होगा, ऊर्जा की खपत तथा निर्माण कार्य की लागतों में कमी आएगी तथा उत्पादकता में सुधार होगा।

Prime Minister's Visit to the Flood Affected States

236. SHRI YASHWANT SINHA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Prime Minister has visited the flood-affected States in the country during the past few months;

(b) if so, the names of the flood affected States visited by the Prime